वर्ष- 02 अंक- 263
छपरा
9 अगस्त शनिवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## इनेलो विधायक चौटाला बोले- पंजाब का सीएम पियक्कड़ कौआ

**भिवानी,एजेंसी।** हरियाणा में सिरसा जिले की रानियां विधानसभा सीट से इंडियन नेशनल लोकदल (INLD) के विधायक अर्जुन चौटाला ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर विवादित बयान दिया। गुरुवार रात भिवानी के बवानीखेड़ा में दौरा करने पहुंचे अर्जुन चौटाला ने कहा- पंजाब का मुख्यमंत्री भगवंत मान पियक्कड़ कौआ है। उन्हें होश में रहकर काम करना चाहिए, क्योंकि उनका भरोसा नहीं वे कितनी घूंट मारकर आ जाए और क्या बात कह दे।

**अर्जुन चौटाला ने आगे कहा-** एक बेवड़ा आदमी प्रदेश को चला रहा है। मैं तो भगवान से यही प्रार्थना करता हूं कि वह होश में बैठ जाए, यही बहुत है। वहीं आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रवक्ता नील गर्ग ने पलटवार करते हुए कहा- यह राजनीति के स्तर को रसातल में ले जाने की साजिश है वह भी उन लोगों द्वारा, जिनके पास न तमीज है, न तथ्यों का ज्ञान और न ही जनसेवा का कोई रिकॉर्ड। अर्जुन चौटाला जी, पहले हरियाणा में अपनी पार्टी की जमीन बचाइए। INLD तो हरियाणा में खुद वेंटिलेटर पर है। जो नेता अपने क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल भी ठीक से नहीं चला सके, वो पंजाब के मुख्यमंत्री को ज्ञान दे रहे हैं। वहीं हरियाणा के AAP अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने कहा कि ये नौकरियों के भ्रष्टाचार में खुद जेल में रहे। इन्हें खुद से सवाल करना चाहिए।

## भारत में लोगों ने डाटा चोरी से इस साल झेला 22 करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत में इस साल डाटा उल्लंघन के कारण नुकसान 13 फीसदी बढ़कर 22 करोड़ रुपये हो गई है। आईबीएम की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, एक साल पहले यह 19.5 करोड़ रुपये थी। आईबीएम की रिपोर्ट में कहा गया है कि लागत में वृद्धि के बावजूद, कृत्रिम बुद्धिमत्ता में सुरक्षा की अभी कमी है। व्यक्तिगत जानकारी निकालने के लिए सबसे ज्यादा फिशिंग या धोखाधड़ी वाले संचार भेजने जैसे साधन का इस्तेमाल किया जाता है। इसका इस्तेमाल 18 फीसदी डाटा चोरी में किया जाता है। इसके बाद तीसरे पक्ष के वेंडर और आपूर्ति श्रृंखला के वादे के जरिये 17 फीसदी डाटा चोरी होती है। आईबीएम इंडिया और दक्षिण एशिया के प्रौद्योगिकी उपाध्यक्ष विश्वनाथ रामास्वामी ने कहा, हालांकि एआई तेज़ी से व्यावसायिक कार्यों में शामिल हो रहा है लेकिन सुरक्षा और गवर्नेंस पीछे छूट रहे हैं। एक्सेस कंट्रोल और एआई गवर्नेंस टूल्स का अभाव सिर्फ एक तकनीकी चूक नहीं बल्कि एक रणनीतिक कमजोरी है। कंपनी दो दशक से डाटा उल्लंघन की लागत रिपोर्ट तैयार कर रही है और इसके लिए लगभग 6,500 डेटा उल्लंघनों की जाच कर चुकी है।

**अनुसंधान क्षेत्र को सबसे ज्यादा नुकसान :** भारत में अनुसंधान क्षेत्र को डाटा उल्लंघनों का सबसे ज्यादा असर झेलना पड़ा, जिसकी औसत लागत 28.9 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इसके बाद परिवहन उद्योग में 28.8 करोड़ रुपये और औद्योगिक क्षेत्र में 26.4 करोड़ रुपये का स्थान रहा।



# सीतामढ़ी में शाह-नीतीश ने किया माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन

### गृहमंत्री ने रखी पहली ईंट; 21 तीर्थों की मिट्टी, 11 नदियों का जल मंगवाया गया

**सीतामढ़ी,एजेंसी।** गृहमंत्री अमित शाह और नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। मूसलाधार बारिश के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने मंदिर की पहली ईंट रखी। मंदिर को नेपाल के फूलों से सजाया गया है। भूमिपूजन के लिए 21 तीर्थों की मिट्टी, 11 नदियों का जल मंगवाया गया था। अयोध्या के हनुमान गढ़ी से ईंट भी पहुंची थी। 50 एकड़ में 882 करोड़ की लागत से मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। पूरे मंदिर का निर्माण खास किस्म के सैंड स्टोन (बलुआ पत्थर) से होगा। ये पत्थर राजस्थान से मंगवाए जा रहे हैं। मंदिर की ऊंचाई 156 फीट होगी, जो अयोध्या के राम मंदिर से 5 फीट कम है। अमित शाह ने समस्तीपुर से दिल्ली के लिए अमृत भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई।

**सांसद संजय झा बोले- जानकी मंदिर के बिना राम मंदिर अधुरा :** गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे पर JDU सांसद संजय कुमार झा ने कहा, ये पूरे मिथिला और देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आज हमारे मुख्यमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह यहां भूमि पूजन के लिए आ रहे हैं। राम मंदिर तो बन गया, लेकिन वे आधा हुआ था। आज वह पूरा होगा जब जानकी मंदिर का निर्माण होगा। बिहार सरकार ने 1000 करोड़ से ज्यादा की राशि जानकी मंदिर बनाने के लिए और उसके जमीन अधिग्रहण के लिए दिया है।



### 56 फीट होगी मंदिर की ऊंचाई

जानकी मंदिर की ऊंचाई 156 फीट होगी। यह मंदिर, अयोध्या के राम मंदिर से 5 फीट कम है, जिसकी ऊंचाई 161 फीट है। बता दें कि मंदिर निर्माण का लक्ष्य 36 महीने में पूरा करने का है। मंदिर के निर्माण के लिए राजस्थान के लाल पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंदिर की दीवारों पर मधुबनी चित्रकारी है। इसके सभी 60 कमरे नेपाल के ध्वज, रंगीन कांच, नक्काशी और चित्रों से सजे हैं, जिनमें जालीदार खिड़कियां भी हैं। ऐसा माना जाता है कि इसी मंदिर में माता सीता और राम जी का स्वंयवर हुआ था। विवाह मंडप भी यहां है। इस स्थल को 2008 में यूनेस्को ने एक संभावित स्थल घोषित किया था।

### राहुल बोले- मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने

# 25 सीट 35 हजार या कम अंतर से जीते; चुनाव आयोग इलेक्ट्रानिक डेटा दे, तो साबित करेंगे





**बेंगलुरु,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रानिक डेटा मिल जाए तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

राहुल ने कहा- चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रानिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे तो क्राइम है। भाजपा को चुनाव चोरी करने दे रहे हैं। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटर्स का डेटा मांगना चाहिए। राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की वोट अधिकार रैली में ये बात कही। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में शामिल हुए। बेंगलुरु पहुंचने से पहले राहुल ने ङ्क पोस्ट में लिखा- वोट चोरी केवल चुनावी घोटाला नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र के साथ बड़ा विश्वासघात है। देश के गुनहगार सुन लें, वक्त बदलेगा, सजा जरूर मिलेगी।

राहुल ने गुरुवार को भी आरोप लगाया था कि कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 फर्जी वोट बनाए गए, जिससे भाजपा को फायदा हुआ। भाजपा-EC की मिलीभगत से यह धांधली हुई, जिसने पीएम मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचाया।

### राहुल गांधी बोले- 22,779 वोट से पूरा हरियाणा हारे

#### बोले- 8 सीटों का अंतर, एक विधानसभा में एक लाख वोट बढ़े, 15प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई

**हिसार,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अलग-अलग राज्यों में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी होने के आरोप लगाए। 1 घंटे 11 मिनट तक उन्होंने 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। इस प्रेजेंटेशन में उन्होंने हरियाणा का भी 1 मिनट तक जिक्र किया। स्क्रीन पर हरियाणा का मैप दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा- 2024 में हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 8 सीटों पर महज 22,779 वोट से पूरा स्टेट हार गई। राहुल ने मैप पर कांग्रेस और भाजपा की जीती हुई सीटें भी दिखाईं। राहुल ने आगे कहा कि हरियाणा की एक विधानसभा में एक लाख वोट बढ़ गए। ऐसे में आप सोच सकते हैं कि यहां कितना फर्जीवाड़ा हुआ है। एक विधानसभा में ही 12 से 15% वोट बढ़ गए और यह वोट तब और अहमियत रखते हैं जब चुनाव में जीत-हार का अंतर 2 से 4% वोटों के बीच का हो। राहुल ने अपनी प्रेजेंटेशन में हरियाणा चुनाव हारने के पीछे चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, राहुल गांधी ने यह नहीं बताया कि किस विधानसभा में कितने वोट बढ़े और न ही किसी एक विधानसभा का उन्होंने प्रेजेंटेशन में जिक्र किया।

**8 सीटों पर 6 हजार वोटों के कम अंतर से हारी कांग्रेस :** प्रदेश में 8 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस की हार 6 हजार वोटों के कम अंतर से हुई है। इन विधानसभा सीटों में उचाना कलां, चरखी दादरी, होडल, सफीदो, घरौंडा, असंध, राई और खरखौदा शामिल हैं। उचाना कलां सीट कांग्रेस महज 32 वोटों से हारी थी। यही कारण है कि कांग्रेस बार-बार BJP पर धांधली करने का आरोप लगाती रही है।

# चुनाव आयोग बोला : राहुल के दावे सही तो साइन करें, वरना देश से माफी मांगे

### प्रियंका बोलीं- चुनाव आयोग जांच के बजाय हलफनामा मांग रहा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से कहा है कि वे वोट चोरी के अपने दावे को सही मानते हैं तो हलफनामा साइन करके दें। अगर उन्हें अपने दावों पर भरोसा नहीं है तो देश से माफी मांगें।

न्यूज एजेंसी ANI ने चुनाव आयोग के सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, राहुल मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

दरअसल राहुल ने गुरुवार को दिल्ली में एक प्रजेंटेशन के जरिए वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी का आरोप लगाया था। राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ।




**प्रियंका बोलीं- चुनाव आयोग जांच के बजाए हलफनामा मांग रहा :** चुनाव आयोग की तरफ से हलफनामा वाली बात सामने आने पर प्रियंका गांधी ने कहा- राहुल गांधी जी ने वोट चोरी पर बड़ा खुलासा किया है, जिसकी जांच होनी चाहिए। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है, इस मामले में जांच करने के बजाय, वो हलफनामा मांग रहा है। हम लगातार डेटा दिखा रहे हैं, लेकिन चुनाव आयोग मानने को तैयार ही नहीं है।

भाजपा की सरकार विपक्ष पर ED, CBI लगाकर तमाम जांच कर रही है तो यहां नाक के नीचे हुए पूरे कांड की जांच क्यों नहीं हो रही?

### 15 अगस्त से पहले जैसलमेर बॉर्डर पर जासूसी, रेगिस्तान में मिला चाइनीज हाईटेक ड्रोन

**जैसलमेर,एजेंसी।** राजस्थान से लगे इंटरनेशनल बॉर्डर पर 15 अगस्त से पहले बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) हाईअलर्ट पर है। एजेंसी के जवानों ने जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर व श्रीगंगानगर से लगते बॉर्डर पर पेट्रोलिंग भी बढ़ाई है। इस बीच गुरुवार शाम को जैसलमेर के लोंगेवाला पोस्ट पर जवानों को एक चाइनीज ड्रोन मिला है। सूत्रों के अनुसार ये एक चाइनीज हाईटेक जासूसी ड्रोन है। इसमें एक कैमरा भी लगा है। **ड्रोन के कंट्रोल को लेकर जांच :** जानकारी के अनुसार जवानों को ड्रोन जैसलमेर के सेक्टर साउथ में मिला था। फिलहाल इसके कंट्रोलिंग को लेकर जांच की जा रही है कि इसे कहां से ऑपरेट किया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने राजस्थान बॉर्डर से लगते इलाकों में ड्रोन अटैक किए थे।

# बाराबंकी में चलती बस पर पेड़ गिरा, 5 की मौत

### अंदर फंसी महिला बोली- हम मर रहे, आप वीडियो बना रहे

**बाराबंकी,एजेंसी।** यूपी के बाराबंकी में शुक्रवार को चलती रोडवेज बस पर पेड़ गिर गया। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। कई यात्री अभी फंसे हैं, जिन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।इसी बीच बस में फंसी महिला हादसे का वीडियो बना रहे युवक पर भड़क गई। महिला ने कहा- हम मर रहे हैं। आप वीडियो बना रहे। अगर आकर पेड़ की डाल हटवाने में मदद करते तो हम लोग बाहर निकल आते।

60 लोगों से भरी बस बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही थी। हादसे के समय तेज बारिश हो रही थी। पेड़ इतना भारी था कि बस की छत पिचक गई। स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई है।



प्रत्यक्षदर्शी शैल वर्मा ने बताया- बस भरी हुई थी। कई लोग खड़े भी थे, तभी चालक के मुंह से अरे निकला और पेड़ गिर गया। इसके बाद चालक और चार महिलाओं की मौत हो गई, ये लोग केबिन के पास ही बैठी थीं। मैं पीछे चाली सीट पर बैठी थी, इसलिए बच गई। दो मृतकों की पहचान हो गई है। इनमें शिक्षा मल्होत्रा (53), अनोज (45) शामिल हैं। शिक्षा मल्होत्रा प्राथमिक स्कूल कादीपुर में तैनात थीं। ड्राइवर और एक अन्य टीचर की पहचान अब तक नहीं पाई है।

हादसे में घायल एक महिला टीचर ने बताया- हम सभी टीचर्स हैदरगढ़ में अपने-अपने स्कूल जाने के लिए निकली थीं, तभी बाराबंकी में हरख चौराहे के पास अचानक चलती बस पर पेड़ गिर गया

### ट्रम्प का भारत से ट्रेड डील पर बातचीत से इनकारः

# बोले- पहले टैरिफ मसला सुलझे, तब होगी बात; भारत पर कुल 50% टैरिफ

**वॉशिंगटन डीसी,एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत से ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इसी महीने भारत आने वाला है। ट्रम्प भारत पर अबतक 50% टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने 30 जुलाई को 25त्न टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। वहीं, 6 अगस्त को एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर भारत पर 25% टैरिफ और बढ़ा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। ट्रम्प के आदेश में कहा गया है कि रूसी तेल की खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। रूस इस पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ जंग में कर रहा है।




**विदेश विभाग बोला- भारत रणनीतिक साझेदार, बातचीत जारी रहेगी :** इधर, अमेरिकी विदेश विभाग ने 7 अगस्त की रात जारी बयान में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताया। मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है, भले ही टैरिफ विवाद के चलते दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। टॉमी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर की हैं। साथ ही सीधी कार्रवाई (भारत पर टैरिफ) भी की है। टॉमी ने मतभेदों को सीधे संवाद के जरिए सुलझाने की बात भी कही है।

# भिवंडी हादसे पर सख्त हुआ बॉम्बे हाईकोर्ट, निर्माण स्थलों की सुरक्षा पर दोबारा उठाया सवाल

**मुंबई,एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाल ही में भिवंडी में हुए एक गंभीर हादसे के बाद 2024 में दायर की गई याचिका को फिर से खोल दिया है। यह याचिका मुंबई और आसपास के इलाकों में ऊंची इमारतों और निर्माण स्थलों पर हो रही सुरक्षा लापरवाहियों को लेकर थी। दरअसल, 5 अगस्त को ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में एक निर्माणाधीन मेट्रो साइट से एक लोहे की रॉड चलती हुई ऑटो रिक्शा पर गिर गई, जो सीधे एक 20 साल के युवक के सिर में घुस गई, जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया। यह युवक ऑटो में यात्री के रूप में सफर कर रहा था। इस घटना से लोगों में भारी दहशत है।

मामले में इस घटना पर चिंता जताते हुए न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और आरिफ डॉक्टर की पीठ ने कहा कि ऐसी लापरवाह घटनाएं लगातार हो रही हैं, जबकि 2023 में हाईकोर्ट के निर्देश पर एक विशेषज्ञ समिति बनाई गई थी, जिसने निर्माण स्थलों की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए थे। लेकिन अभी तक उन सिफारिशों को सभी नगर निगमों और प्लानिंग अथॉरिटीज को नहीं भेजा गया है। मामले में अगली सुनवाई की तारीख 12 अगस्त तय की गई है।



**कोर्ट ने दोहराई अपनी पुरानी टिप्पणी :** मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने अपनी पुरानी टिप्पणी को दोहराते हुए कहा कि हमने आशा जताई थी कि मुंबई की ऊंची इमारतों के निर्माण से किसी भी आम आदमी की जान को खतरा नहीं होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह से जान को खतरे में डालना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और आजीविका के अधिकार का उल्लंघन है। ऐसे में अब जबकि समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है, कोर्ट ने बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) को निर्देश दिया है कि वह समिति की सिफारिशें रिकॉर्ड पर रखे, ताकि राज्य सरकार उन्हें सभी नगर निगमों और नियोजन प्राधिकरणों तक भेज सके। अदालत ने कहा कि ये सुरक्षा उपाय जनहित में हैं, इसलिए इस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।

**कहां से मामले ने पकड़ ली तूल?** बता दें कि ये पूरा मामला दो सार पहले यानी साल 2023 का है। जब वर्ली इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत की 52वीं मंजिल से सीमेंट का ब्लॉक गिरने से दो राहगीरों की मौत हो गई थी। इसके बाद कोर्ट ने खुद संज्ञान लेते हुए (सुओ मोटू) मामले की सुनवाई शुरू की थी और सुरक्षा उपायों के लिए समिति गठित करने का आदेश दिया था।

# पुलिस मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी घायल, तीन अन्य गिरफ्तार, दो फरार, हथियार व गोली बरामद

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के तिलकर गांव में शुक्रवार को हुई पुलिस मुठभेड़ में दो कुख्यात अपराधी गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को घुटने के नीचे पैर में गोली लगी है। पुलिस ने मौके से तीन अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि दो अपराधी मौके से फरार हो गए। घटनास्थल से हथियार व गोलियां बरामद की गई हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात मुन्ना मियां अपने गैंग के साथ तिलकर गांव में छिपा है और कुछ अपराध की बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं।



सूचना की पुष्टि के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एकमा राजकुमार व पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष भी मौके पर पहुंचे।

बताया गया है कि तिलकर गांव में जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी की, अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एकमा गांव निवासी मुन्ना मियां व भरहोपुर गांव निवासी रंजीत सिंह गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस चके अनुसार मुन्ना मियां को दाहिने पैर में और रंजीत कुमार सिंह को बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। दोनों को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। एसएसपी ने बताया कि मुन्ना मियां के विरूद्ध लगभग डेढ़ दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें लूट, गोलीकांड और अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा के परिसर में पत्रकारों को बताया कि रंजीत कुमार सिंह के विरुद्ध भी तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया है कि पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है। जबकि दो फरार हो गए। पुलिस द्वारा मुठभेड़ में घायल दोनों अपराधियों की उपचार कराई जा रही है। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## आपसी विवाद में धारदार हथियार से मारकर किया घायल

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पिठौरी नन्दलाल टोला में आपसी विवाद में हुए मारपीट धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया गया है। इस संबंध में पीड़ित नन्दलाल टोला निवासी अशोक राम ने थाना में लिखित शिकायत किया है।

घटना के संबंध में पीड़ित ने बताया है की शुक्रवार को सुबह अपने खेत के तरफ शौच के लिए गया हुआ था तो देखा कि मेरे खेत में दारू बनाने का सामग्री रखा गया है। तो शोर मचाते हुए अपने घर पहुंचा। इसी बात पर पर मेरे गाँव पिठौरी नन्द लाल टोला निवासी राजदेव राम एवं अन्य चार व्यक्ति सभी एक होकर लाठी डंडा धारदार हथियार फरसा गारासी दाब लेकर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। जब मैने इसका विरोध किया तो सभी लोगों ने जान लेने की नीयत से धारदार हथियार से मेरे सर पर हमला कर दिया। मेरा सर फट गया और में लहूलुहान हो कर गिर गया। इसके बाद भी मुझे लाठी डंडे से मारते रहे। शोर गुल की आवाज से लोगों ने मेरी जान बचाई। बनियापुर रेफरल अस्पताल में मैं इलाज कराने पहुंचा तो दो लोग अखिलेश राय एवं प्रमोद राम फिर मेरे घर पर हमला करने पहुंच गए। एवं बच्चों को मारपीटा किये। अखिलेश राय ने जाति सूचक शब्द चमार दू?साध कहकर गाली देते हुए धमकी दिए की कि अगर मैने मुकदमा किया तो पूरे परिवार की हत्या करा देंगे। लिखित आवेदन में पीड़ित ने कहा है की ये लोग नशे का व्यवसाय करते हैं इनका संबंधी गुंडे मावली असामाजिक तत्वों से है। मुझे डर है किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं।

## बिजली विभाग ने लगाया जागरूकता शिविर, 12 अगस्त को मुख्यमंत्री करेंगे संवाद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महाराणा प्रताप चौंक पर बिजली विभाग के कर्मियों द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।उपभोक्ताओं को 125 यूनिट का घरेलू फ्री बिजली बिल योजना का लाभ लेने की जानकारी दी गई । शिविर में जेई अभिषेक कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सभी घरेलू उपभोक्ताओं को हर महीने 125 यूनिट बिजली निःशुल्क प्रदान की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लाभ साधारण मीटर और स्मार्ट मीटर दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस छूट के लिए अलग से कोई आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। यह कटौती स्वचालित रूप से बिजली बिल में की जाएगी। विधुत विभाग के एसडीओ मन मोहन पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री विधुत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत 12 अगस्त को मुख्यमंत्री बिजली उपभोक्ताओं के साथ संवाद करेंगे। जिसका आयोजन लाइव वेब-कास्टिंग के माध्यम से सीधे किया जाएगा जिसमें बिजली उपभोक्ता सीधे जुड़ेंगे और संवाद करेंगे। विभागीय टीम ने बाजार क्षेत्र में घूम-घूमकर हैंडबिल वितरित किए और लोगों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मशरक में कपड़े में कागज का बंडल थमा कर महिला से 10 हजार की ठगी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के डुमरसन बाजार में सीएसपी से पैसा निकाल कर घर जा रही महिला से 10 हजार की ठगी का अनोखा मामला सामने आया। ठग ने महिला को रूमाल में लपेटा कागज का बंडल थमा कर बोला की इसमें रुपये हैं। इसको पकड़ो मैं यह 10 हजार देकर आता हूं । पीड़ित मशरक के सुंदर गांव निवासी नजरूना बीबी पति मेराजुल मियां ने बताया कि डुमरसन में सीएसपी से 10 हजार निकाल कर पति के साथ गांव जानें के लिए निकली लेकिन वहां मौजूद ठगो ने मुझे धोखे से रूमाल में रूपये होने की बात कह कर मुझसे 10 हजार रूपये ले लिया और वहां से चलें गये बाद में रूमाल खोला तो उसमें सिर्फ कागज था।

## विद्यालय के भैया बहनों द्वारा वृक्षों का रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहर के दर्शन नगर में अवस्थित विद्या भारती विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में विद्यालय के भैया बहनों द्वारा वृक्षों का रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ के नेतृत्व में भैया बहन द्वारा विद्यालय में अवस्थित विभिन्न वृक्षों को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें बचाने का संकल्प लिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फणीश्वर नाथ ने वृक्षों के रक्षा सूत्र बांधने के महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है। वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है, और उनकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है. यह एक प्रतीकात्मक कार्य है जो लोगों को प्रकृति के करीब लाता है और उन्हें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाता है. विद्यालय के भैया बहन वृक्षों को राखी बांधकर लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पेड़ों की कटाई रोकने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## मशरक के बहरौली में किराना दुकान से नगदी चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बहरौली बाजार पर अवस्थित किराना सह जेनरल स्टोर से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लेने की घटना सामने आई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। दुकानदार बसोही गांव निवासी पप्पू साह ने बताया कि उनकी आयुष किराना सह जेनरल स्टोर की दुकान बहरौली बाजार पर हैं शुक्रवार की सुबह 10 बजें के लगभग जब दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरे को तोड़ फोड़ कर दिया गया है वहीं दुकान के अंदर का सामान बिखरा पड़ा हुआ है और दुकान के अंदर से लगभग 25 हजार रुपए नगदी चोरी कर ली गई है। वहीं घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसमें दो चोर मुह बांधे दुकान में घुसते हैं और चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

## भाजपा नेताओं ने की बाबा हरिहर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर मेंभाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ अजय जमवाल तथा प्रदेश उपाध्याक्ष भाजपा बिहार संतोष पाठक ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे पूजा अर्चना की। भाजपा नेताओं ने बाबा हरिहर नाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने मंदिर परिसर में उनको अंगवस्त्र से स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष रंजीत सिंह, श्रीनिवास सिंह, सचिता सिंह, आशुतोष कुमार, भूटकून बाबा, सदानंद बाबा, बमबम बाबा सहित अनेक लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो की आज सोनपुर वह छपरा जिला के संघठन के बैठक मे पहुंचे थे, तो उन्होंने ने बैठक से पहले बाबा हरिहरनाथ का दर्शन करने की बात कहीं। जिसके बाद मंदिर में बाबा हरिहर नाथ का दर्शन करने पहुंचे।

## बीती रात से गंगा का जलस्तर स्थिर, अभी भी बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पीड़ितों का संकट है बरकरार

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गंगा सरयू और सोन नदी मे उफान के कारण सदर प्रखंड के दियारा व तटीय क्षेत्र के लोगों की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। कुछ पलायन कर गए तो कुछ ऊंचे स्थानो पर खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर हैं। बीती रात से गंगा का जलस्तर स्थिर है, लेकिन बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पीड़ितों का संकट अभी भी बरकरार है। हालांकि, जलस्तर स्थिर हो गया है, लेकिन कई इलाकों में पानी भरा हुआ है,नदी की धार तेज है ,जिससे लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई गांवों में पानी घुस गया है, जिससे लोगों को अपने घरों से दूर जाना पड़ा है। प्रशासन राहत और बचाव के तहत कुछ जगह नाव चलवाए जा रहे हैं , लेकिन पीड़ितों की संख्या और जरूरतों को देखते हुए यह काम काफी चुनौतीपूर्ण है। जिलाप्रशासन की ओर से न तो पालीथीन सीट दी



गई है और नहीं सुखा भोजन। कही सामुदायिक किचन की नाम चर्चा भी नहीं हैं। सदर प्रखंड के रायपुर विंदगावां, कोटवापट्टीरामपुर, बड़हरा महाजी,के सभी गांव जलमग्न है।वहीं तटीय क्षेत्र के चिरान्द पंचायत के दलित महादलित बस्ती के लोग तपसी सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे आश्रय लिए हुए हैं,भैरोपुर निजामत पंचायत के निचले और बिचले गांव, डुमरी पंचायत,तथा मुसेपुर पंचायत के आधा दर्जन गांव बाढ के चपेट मे हैं।बाढ़ के कारण कई गांवों में लोग अपने घरों से बेघर हो गए हैं। उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, लेकिन राहत शिविरों में भी भीड़भाड़ और सीमित संसाधनों की समस्या है।बाढ़ के कारण लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि भोजन की कमी, बीमारियों का खतरा, और बुनियादी सुविधाओं का अभाव. कुल मिलाकर, गंगा के जलस्तर में स्थिरता आने के बावजूद, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पीड़ितों का संकट अभी भी बरकरार है, और राहत और बचाव कार्य जारी है।



# सीसीआरटी उदयपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर वापस आए सारण के दो शिक्षक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के तहत सीसीआरटी उदयपुर (राजस्थान) में आयोजित 21 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में बिहार से कुल दस एवं सारण जिले से दो शिक्षक, जिसमें से एक पिंटू रंजन प्रसाद, जो उच्च माध्यमिक विद्यालय धवरी, बनियापुर (सारण) में पदस्थापित है। वहीं दूसरे शिक्षक, राजेश्वर प्रसाद राजीव है जो उच्च माध्यमिक विद्यालय बनपुरा, लहलादपुर (सारण) में कार्यरत है, ने पूरे प्रशिक्षण के दौरान देश के सभी राज्यों से आए शिक्षकों को बिहार की संस्कृति से परिचित कराने का कार्य किया। प्रशिक्षण के दौरान सांस्कृतिक योगदान सत्र में इन शिक्षकों ने बिहार के महापर्व छठ की झांकी प्रस्तुत किया, जो सभी राज्यों से आए शिक्षकों के लिए कौतूहल व आश्चर्य का विषय रहा। लगभग सभी शिक्षकों ने स्वीकार किया कि छठ महापर्व के बारे में हम लोग सुने तो थे, परंतु इतने करीब से कभी देखने का सौभाग्य प्राप्त नहीं हो पाया था।




वहीं बिहार के प्रमुख खान-पान (लिट्टी- चोखा, दही-चूड़ा, तिलकुट, पुआ आदि) लोक कला, यथा नृत्य (झिझिया, डोमकच, समा-चकेबा, जाट-जाटिन, कजरी, सोहर- खिलौना) लोकगीत (छठ गीत सोहर विदेशिया भगवा) वेशभूषा, हस्तकला, मिथिला पेंटिंग, पटना कलम, मंजूषा कला, प्रमुख पर्यटन स्थल, प्रमुख ऐतिहासिक/पौराणिक स्थल, प्रमुख पर्व -त्यौहार आदि के बारे में विस्तृत रूप से पीपीटी के माध्यम से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन शिक्षक पिंटू रंजन प्रसाद ने दिया। जिसे देश के अन्य शिक्षक बिहार के सभ्यता एवं संस्कृति से परिचित हुए। वही, बिहार का राज्य गीत ÷मेरे भारत के कंठहार.... तुझको शत-शत वंदन बिहार÷ को सभी राज्यों के शिक्षकों ने एक साथ गाया। एनईपी-2020, निपुण भारत, निष्ठा, एफएलएन आदि जैसे शैक्षिक विषयों पर जागरूकता पैदा करने के अलावा प्रशिक्षण में ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ व ÷स्वच्छ भारत अभियान÷, शिक्षा में सांस्कृतिक एकीकरण, आईसीटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि पर विभिन्न मॉड्यूल का प्रदर्शन किया गया। शिक्षकों को कला से विषय वस्तु को जोड़कर शिक्षण कार्य करने का गुड़ सिखाया गया। विद्यार्थियों में कला के प्रति रुचि उत्पन्न कर, उन्हें कला के संवर्धन, संरक्षण व पोषण हेतु भरपूर प्रयास करने की बात की गई। सभी शिक्षकों को कला के विभिन्न आयामों- फर पेंटिंग, पेपरमेसी, टाई एंड डाई, टेराकोटा, शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, मार्शल आर्ट आदि में निपुण बनाया गया। सीसीआरटी के तरफ से उदयपुर में स्थित शिल्पग्राम, चित्तौड़गढ़ व कुंभलगढ़ किला, सिटी पैलेस, हल्दीघाटी, सास बहू मंदिर, एकलिंगेश्वर मंदिर, दिलवाड़ा जैन मंदिर, भारतीय लोक कला मंडल, म्यूजियम, वानस्पतिक उद्यान जैसे ऐतिहासिक/ पौराणिक स्थान और शैक्षणिक संस्थाओं का भी दौरा कराया गया और साथ में राजस्थान राज्य में लागू शिक्षा प्रणाली का भी अवलोकन कराया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीसीआरटी नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. विनोद नारायण इंदुरकर को आमंत्रित किया गया था। उप निदेशक डॉ. राहुल कुमार, फील्ड ऑफिसर चंद्रमोझी एवं सीसीआरटी उदयपुर के फील्ड ऑफिसर अभिक सरकार की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। डॉ. इंदुरकर ने समापन समारोह में कहा कि यह बैच वास्तविक रूप से प्रशिक्षण को आत्मसात किया है। मुझे उम्मीद ही नहीं वरन् विश्वास भी है कि सारे शिक्षक विद्यालय व्यवस्था को बदलने में रात- दिन एक कर देंगे। यह बातें, उन्होंने शिक्षकों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रोजेक्ट, पाठ योजना, टेराकोटा आकृति, पेपरमेसी से बनाए गए पक्षियों, फर पेंटिंग एवं टाई एंड डाई के तहत बनाए गए विभिन्न कलाकृतियों को काफी सूक्ष्मता के साथ अवलोकन करने के उपरांत कहीं।

## विद्यालय में मनाया गया राखी उत्सव, बच्चों ने पेड़ो को राखी बांधकर उनके संरक्षण का लिया संकल्प



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया में रक्षाबंधन को ले ÷राखी उत्सव÷ मनाया गया।जिसमें विद्यालय के बच्चों ने विद्यालय परिसर में स्थित पेड़ों को राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के 85 बच्चों ने भाग लिया।प्रतियोगिता में उत्कृष्ट तीन छात्रों तथा तीन छात्राओ को सम्मानित किया गया।रक्षाबंधन क्यों मनाया जाता है इस पर भी बच्चों ने अपने विचार रखें। मौके पर प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय, विजय कुमार साह धीरज तिवारी,अविनाश तिवारी, बलराम यादव,सुनील कुशवाहा,शाहनवाज हुसैन,वंदना कुमारी, अमृता कुमारी थे।

## मिडिल स्कूल कटसा में विदाई समारोह आयोजित




**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखण्ड के मिडिल स्कूल कटसा में एक समारोह आयोजित कर स्कूल के शिक्षक दिनेश कुमार साह के दूसरे स्कूल में पदोन्नति के बाद विदाई की गई।स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में एचएम उषा कुमारी ने कहा कि शिक्षक दिनेश कुमार साह एक कर्तव्य निष्ठ शिक्षक थे।इनके सराहनीय कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

स्कूल की नवनियुक्त शिक्षिका रिया कुमारी श्रीवास्तव,कुमारी मोनी,आकांक्षा कनौजिया,अनामिका कुमारी,महिमा कुमारी व रशिदा खातून को सम्मानित किया गया।इस मौके पर शिक्षक शिवदयाल शर्मा,अजीत कुमार पाण्डेय,निर्मल पाण्डेय,सुमन कुमार,बीडीसी प्लतिनिधि पिण्टु राय,लालबाबू सिंह,सुदर्शन राय,समन्वयक प्रेम राम,संजय कुमार सिंह,रूबी कुमारी,मंजू कुमारी,श्वेता कुमारी,विनिता कुमारी,अंजू कुमारी आदि उपस्थित थी।

## राजकीय मध्य विद्यालय सेमरी का भवन जर्जर

### तीन कमरे में आठवीं तक पढ़ाई , ग्रामीणों ने जताया विरोध

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड का राजकीय मध्य विद्यालय सेमरी एक ऐसा विद्यालय हैं जहां विद्यालय में कुल तीन कमरों में वर्ग 1 से वर्ग 8 तक की कक्षा संचालित होती है। विधालय का भवन जर्जर हालत में हैं कब गिर जाएं कहना मुश्किल है। शुक्रवार को ग्रामीणों ने आक्रोश जाहिर किया और सरकार से इस पर ध्यान देने की मांग की। करकटनुमा कमरा जो बिल्कुल ही जर्जर स्थिति में है जो पढ़ने वाले बच्चों के लिए हमेशा जान का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अभिभावक अपने बच्चे की जिंदगी दांव पर लगाकर विद्यालय भेजते है।

## भूमि अभिलेख के त्रुटियों में सुधार के लिए चलेगा महाअभियान : सीओ मशरक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के प्रखंड कार्यालय के सभागार में भूमि संबंधी दस्तावेजों की अशुद्धियों का सुधार को लेकर 16 अगस्त से चलने वाले महा अभियान की सफलता को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सीओ सुमंत कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रेशमी प्रकाश समेत अन्य कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि 16 अगस्त से 20 अगस्त तक बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आपके जमीन के रिकॉर्ड (अभिलेख) की अशुद्धियों के सुधार में तेजी लाने के लिए एक विशेष राजस्व महा-अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आपके घर, पंचायत तक पहुंच कर आपके भूमि संबंधी दस्तावेजों की अशुद्धियों का सुधार करना है। बैठक में उन्होंने कि इस अभियान के तहत राज्य के रैयतों के भूमि संबंधी अभिलेखों में सुधार, उत्तराधिकारी नामांतरण एवं बंटवारा नामांतरण के लिए डोर-टू-डोर अभियान संचालित किया जायेगा।इस दौरान संबंधित रैयतों को उनके घर पर जाकर ऑनलाइन जमाबंदी की प्रति उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही जमाबंदी सुधार, छूटी हुई जमाबंदी के ऑनलाइन निष्पादन, उत्तराधिकारी नामांतरण एवं बंटवारा नामांतरण के लिए हल्का स्तर पर आयोजित शिविरों में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।

## सीओं ने अग्नि पीड़ितों को दी आपदा अनुग्रह राशि का चेक

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के पचभिण्डा पंचायत के शाहनेवाजपुर गांव में गतदिनों हुए भीषण अग्निकांड में दो व्यक्तियों के घर में आग लग गई थी। जिस कारण घर में रखे गए कपड़ा, बर्तन, अनाज, समेत आवश्यक कागजात व नगदी जलकर राख हो गए थे। शुक्रवार को तरैया सीओं पंकज कुमार सिंह ने बिहार सरकार द्वारा मिलने वाली आपदा अनुग्रह राशि का चेक अग्नि पीड़ितों को सौंपा। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र सहनी की उपस्थिति में दोनों अग्नि पीड़ितों को आपदा अनुग्रह राशि का चेक सोपा गया। सीओं ने बताया कि बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अग्नि पीड़ितों को 12 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है। उसी के तहत आज तरैया अंचल कार्यालय में शाहनेवाजपुर के शिवनाथ मांझी एवं सुनील साह को आपदा राशि का चेक दिया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र सहनी, राजस्व कर्मचारी बद्री विशाल मिश्रा, अंचल कर्मी संजय कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## छात्रों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए कुलपति से मिला एक प्रतिनिधिमंडल

### डीबीएसडी डिग्री महाविद्यालय रामपुर में व्याप्त समस्याओं सहित 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय कैंपस सहित, महाविद्यालयों में व्याप्त समस्याओं के यथाशीघ्र निदान के लिए छात्र नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जयप्रकाश विश्वविद्यालय कुलपति से मिला। छात्र नेता राहुल कुमार यादव व सद्दाब अहमद मजहरी ने संयुक्त रूप से एक नौ सूत्री मांग-पत्र सौंपा। अपने पत्र में उन्होंने कहा है कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के अंदर छात्र-छात्राओं, शिक्षक-कर्मचारियों की समस्याएं बढ़ती जा रही है और विश्वविद्यालय प्रशासन मौन धारण कर बैठी हुई है। छात्र-छात्राओं शिक्षक-कर्मचारियों के किसी भी समस्याओं के समाधान के प्रति विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीर नहीं है, जो बेहद दुःखद और चिंताजनक है। विश्वविद्यालय प्रशासन राजभवन, सरकार व छात्र-छात्राओं, शिक्षक-कर्मचारियों के किसी भी पत्र/आवेदन को गंभीरता से नहीं लेती है और ना ही उस पर आगे कोई



उचित कार्रवाई कि दिशा में कोई ठोस प्रयास करती है। विश्वविद्यालय प्रशासन को कई मामले में लगातार पत्राचार के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से छात्र-छात्राएं शिक्षक-कर्मचारी आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलने को विवश है। इनके अंदर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ काफी रोष व्याप्त है, जो कभी भी भयंकर रूप धारण कर सकती है। छात्र नेताओं ने मांग किया है कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय की संबद्ध इकाई देवराहा बाबा श्री श्रीधर दास डिग्री महाविद्यालय रामपुर, गरखा महाविद्यालय समिति गठण पूर्ण कर, शिक्षक-कर्मचारियों का यथाशीघ्र वेतन भुगतान किया जाए और कॉलेज की शैक्षणिक वातावरण दुरुस्त किया जाए, जयप्रकाश विश्वविद्यालय कैंपस और सभी कॉलेजों में शिकायत/ सुझाव काउंटर स्थापित कर, सभी आवेदनों का रिसीविंग व कार्रवाई की नियत तिथि दिए जाना सुनिश्चित किया जाए, त्रुटिपूर्ण परीक्षा परिणाम पर पूर्ण रोक लगाई जाए और त्रुटिपूर्ण एडमिट कार्ड, मार्कशीट, रजिस्ट्रेशन कार्ड सुधार कर यथाशीघ्र छात्रों को उपलब्ध कराई जाए, विश्वविद्यालय के अंदर कानून व भोजपुरी की पढ़ाई इसी सत्र से शुरू करने की दिशा में ठोस पहल की जाए, छात्र संघ चुनाव की तिथि यथाशीघ्र घोषित की जाए, परीक्षा विभाग में व्याप्त अनियमितता व भ्रष्टाचार को यथाशीघ्र दूर की जाए, विश्वविद्यालय कैंपस व सभी कॉलेजों में छात्र-छात्राओं के बैठने व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, विश्वविद्यालय के अंदर 3 सालों से ज्यादा दिनों से जमें सभी कर्मचारियों का यहां से ट्रांसफर की जाए, एक टीम गठित कर सभी कॉलेजों की नियमित निरीक्षण सुनिश्चित की जाए। जेपीयू कुलपति ने पत्र को ध्यान पूर्वक पढ़ने के बाद बताया कि आपकी सभी मांगें जायज हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन आपकी मांगों को पूरा करने की दिशा में पहल करेगी। उन्होंने डीबीएसडी डिग्री महाविद्यालय रामपुर गारखा के संबंध में कहा कि मुझे 30 दिनों का और समय दीजिए उस महाविद्यालय के संबंध में गंभीर है, जल्द हीं सभी जांच पड़ताल पूर्ण कर महाविद्यालय के शिक्षक-कर्मचारियों को पैसा वितरण किया जाएगा. महाविद्यालय की आधारभूत संरचना भी दुरुस्त करने की दिशा में विवि प्रशासन पहल करेगी। छात्र नेता राहुल कुमार यादव ने विश्वविद्यालय कुलपति को चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा है कि हमारी मांगों पर विश्वविद्यालय प्रशासन गंभीरता पूर्वक विचार कर हमारी मांगों को यथाशीघ्र पूरी नहीं करती है तो हम सभी छात्र-छात्राएं एकजुट होकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जवाब देही विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

## तरैया में लहान आई केयर का शुभारंभ



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के तरैया बाजार स्थित माला मार्केट में शुक्रवार को लहान आई केयर का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. चंद्रकेत तिवारी ने पूजा-अर्चना कर की। फीता काटकर उद्घाटन डॉ. त्रिलोकीनाथ सिंह और प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति के सचिव डॉ. मनोज कुमार पंडित ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान डॉ. चंद्रकेत तिवारी ने बताया कि यहां अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से आंखों की सभी बीमारियों की जांच की जाएगी। साथ ही मोतियाबिंद के ऑपरेशन की भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना लहान आई केयर का उद्देश्य है। मौके पर डॉ श्रीराम तिवारी, डॉ ओमप्रकाश पंडित, डॉ बी डी राय, प्रख्यात शिक्षक मुकेश अभिनंदन, डॉक्टर चंद्रकेत तिवारी, डॉक्टर काशीनाथ चौरसिया, पवन अल्ट्रासाउंड के संचालक डॉक्टर वीरेंद्र राय, राहुल कुमार यादव, कौशल सिंह, पैक्स अध्यक्ष मनोज राय समेत सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## शिव मंदिर परिसर में ग्रामीणों के सहयोग से रुद्राभिषेक

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** प्रखण्ड के मटियार में स्थित शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को सावन के पावन अवसर पर विशेष आयोजन हुआ। ग्रामीणों के सहयोग से रुद्राभिषेक और पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्री राम वेद विद्या प्रतिष्ठान द्वारा संचालित बाबा गंगाराम वेद विद्यालय के आचार्य मूलचंद्र पाण्डेय भी अपने छात्रों के साथ उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं की भारी संख्या में उपस्थिति के बीच मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। रुद्राभिषेक के पश्चात भक्तिमय माहौल में सिंगार आरती का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के महंत धनश्याम गिरी, आदित्य दुबे, विनीत सिंह, विश्वजीत पाण्डेय, संदीप महतो तथा लालू पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे। कार्यक्रम के यजमान मंजेश पाठक रहे। सावन माह में शिव की आराधना का विशेष महत्व होता है और इसी परंपरा के अनुसार मटियार के शिव मंदिर में यह आयोजन किया गया।



# शुभ संयोग में बंधेगी प्रेम और रक्षा की डोर, शुभ संयोग की अनोखी संगति

**परवेज अख्तर/सीवान।** भाई-बहन के अटूट रिश्ते और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन इस बार खास खगोलीय संयोग के बीच नौ अगस्त को मनाया जाएगा। दरौंदा के बगौरा निवासी आचार्य जितेंद्र नाथ पांडेय बताते हैं कि इस दिन धनिष्ठा नक्षत्र के साथ सौभाग्य और शोभन योग का दुर्लभ संगम बन रहा है, जो रिश्तों में स्थायित्व, खुशहाली और सौहार्द बढ़ाने वाला है।

**शुभ संयोग की अनोखी संगति** –तीनों शुभ योग धनिष्ठा, सौभाग्य और शोभन एक साथ पड़ने से इस बार राखी का दिन और भी पावन माना जा रहा है। ऐसे योग में किए गए कार्य न केवल सफल होते हैं, बल्कि उनके प्रभाव लंबे समय तक बने रहते हैं।

## राखी बांधने का शुभ समय :

**शुभ मुहूर्त :** प्रातः 5:47 बजे से दोपहर 1:24 बजे तक
**अभिजित मुहूर्त–** 12:00 से 12:53 बजे तक

भाद्रा– पर्व के दिन अनुपस्थित, यानी बिना किसी विघ्न के बहनें राखी बांध सकेंगी।

**परंपरा और विधि** –सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें। भगवान की पूजा के बाद भाई के माथे पर तिलक लगाकर दाहिने हाथ पर राखी बांधें, मिठाई खिलाएं और आरती करें।

येन बद्धो बली राजा दानवेंद्रो महाबलः।
तेन त्वामभि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल।
मंत्र का उच्चारण विशेष फलदायी माना गया है।

# मंडल कारा में बंद भाई की कलाई पर बहने बांधेंगी राखी

**सिवान।** शनिवार को बहन भाई के अटूट प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन मनाया जाएगा। बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लेंगी। त्योहार के महत्व को देखते हुए मंडल कारा में विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंडल कारा में बंद किसी भाई की कलाई सूनी न रहे, ऐसी व्यवस्था बनाई गई है। रक्षाबंधन को देखते हुए कारा में व्यवस्था तैयार की गई है। काराधीक्षक देवाशीष कुमार ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कारागार में बंदियों को उनकी बहन राखी बांध सकेंगी। कारागार में बंद बहनों को भी उनके भाई से मिलवाया जाएगा। धूप व बारिश से बचाव के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पीने के पानी की भी व्यवस्था रहेगी।

# सीवान : एक सौ पुलिस अवर निरीक्षक को एसपी ने किया विरमित

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में पांच वर्ष या इससे अधिक (क्षेत्रावधि अपूर्ण) की अवधि पूर्ण पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों का स्थानांतरण बीते सात जुलाई को की गई थी। हालांकि सावन मास होने के कारण इनको विरमित नहीं किया गया था।एसपी मनोज कुमार तिवारी ने पत्र जारी कर जिले एक सौ पुलिस अवर निरीक्षकों को विरमित कर दिया। विरमित में जिले के कई थानाध्यक्ष शामिल है। जारी पत्र में एसपी ने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षकों को स्थानांतरित जिला के लिए दिनांक एक अगस्त से विरमित कर सभी संबंधित पंजियों से नाम विलोपित करने का आदेश दिया जाता है। स्थानांतरित पुलिस अवर निरीक्षकों को आदेश दिया जाता है कि नव पदस्थापित जिला में निश्चित रूप से योगदान करेंगे। विरमित होने में थानाध्यक्ष जीबीनगर, बसंतपुर, लकड़ीनवीगंज, पचरूखी, जामो बाजार थाना, नौतन थाना, सिसवन थाना,महिला थाना,एससी-एसटी, चैनपुर, गुठनी,दरौली, महादेवा, असांव, महाराजगंज, मैरवा, गोरेयाकोठी, धनौती, प्रभारी थानाध्यक्ष सराय आदि पदाधिकारी शामिल है।ये सभी एक सौ पुलिस अवर निरीक्षक सारण व गोपालगंज जिले में योगदान कर विधि व्यवस्था संभालेंगे।

# जरती माई स्थान पर श्रद्धापूर्वक मनाई गई गमाला पूजा

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड के हेतिमपुर पंचायत के भलुई गांव स्थित जरती माई स्थान पर शुक्रवार को गमाला पूजा महिलाओं द्वारा की गई। स्थान को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। स्थान पर अहले सुबह से ही महिलाओं की भीड़ पूजा-अर्चना के लिए जुटने लगी थी। बगल के भी कई गांवों से भी महिला श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। जरती माई स्थान का क्षेत्र में एक अलग महत्व है। मान्यता है कि यहां आकर पूजा करने वाले की हर मनोकामना पूरी होती है। सालों भर सोमवार व शुक्रवार को काफी भीड़ जुटती है।

# हरनाथपुर गांव में जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी जोरों पर

**रघुनाथपुर (सिवान )** प्रखंड के हरनाथपुर गांव स्थित कृष्ण मंदिर परिसर में 16 अगस्त को जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। इस आशय की जानकारी मंदिर के व्यवस्थापक नरेंद्र प्रभु द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि हरि कथा, कृतन एवं महाभिषेक का आयोजन किया जाएगा। बताया 16 को पांच बजे आरती, संध्या छह बजे महाभिषेक, रात्रि आठ बजे से 12 मध्य रात्रि तक हरि कथा चलेगी, 17 को मध्य रात्रि में जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि छठियार का कार्यक्रम 22 को, 56 भोग का महाप्रसाद का वितरण एवं भंडार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 की रात्रि नौ बजे से भोजपुरी भजन गायिका पूनम शर्मा, एवं प्रभाकर पांडेय, विमल गिरि द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

# सीवान : उच्च न्यायालय उत्तराखंड लिखी गाड़ी से शराब बरामद

**परवेज अख्तर/सीवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर महादेवा थाना क्षेत्र के झुनापुर चौराहा से शराब बरामद कर दो तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जब्त सफारी गाड़ी पर उच्च न्यायालय उत्तराखंड लिखा व वीआइपी का स्टीकर लगा था। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी से महादेवा थाना क्षेत्र के झुनापुर चौराहा होते हुए एक सफारी गाड़ी से शराब आ रही है। सूचना पर सअनि विकेश कुमार राय ने झुनापुर चौराहा पर जांच शुरू की। जांच के दौरान एक सफारी गाड़ी आती दिखी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक गाड़ी लेकर भागने लगा, जिसे पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। जांच के दौरान 432.000 लीटर देसी शराब बरामद की गई, वहीं दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार हरिद्वार जिला के रानीपुर थाना क्षेत्र के दादुफर गोविंदपुर निवासी दानिश व मुजफ्फरपुर जिला के मोतीपुर थाना क्षेत्र के नकरा गांव निवासी रविंद्र कुमार है।



# आरकेबीएड कालेज में हवन–पूजन और अभिविन्यास समारोह के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**सिवान।** भगवानपुर प्रखंड के सुघड़ी स्थित राजेंद्र किशोरी बीएड कालेज गुरुवार को बीएड प्रथम वर्ष के नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-27 का शुभारंभ हवन-पूजन एवं अभिविन्यास कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। हवन पूजा में महाविद्यालय के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी, पूर्व प्रशिक्षु एवं नव नामांकित प्रशिक्षु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, स्वागत गान एवं गायत्री मंत्र से हुआ। इस धार्मिक आयोजन का उद्देश्य प्रशिक्षुओं के लिए सकारात्मक एवं पवित्र वातावरण का निर्माण कर उनके सर्वांगीण विकास हेतु ऊर्जा का संचार करना था। इसके उपरांत महाविद्यालय के बहुद्देशीय सभागार में प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्राध्यापक आदित्य ने किया। इस सत्र में प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक योजनाओं, नियमों, अनुशासन, पाठ्यक्रम, इंटर्नशिप, मूल्यांकन प्रणाली एवं विभिन्न सुविधाओं के साथ ई-लाइब्रेरी की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रमेश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बीएड का यह प्रशिक्षण केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित, अनुशासित और परिश्रमी बने रहने की प्रेरणा दी।

## हवन पूजन के साथ बीएड की सत्र 2025–27 का शुभारंभ

**महाराजगंज (सिवान)।** शहर स्थित गोरख सिंह महाविद्यालय बीएड प्रभाग एक में शुक्रवार को बीएड सत्र 2025-27 की शुरुआत हुई। सबसे पहले बीएड महाविद्यालय के निदेशक वीणा कुमारी, गोरख सिंह महाविद्यालय के अध्यक्ष सह निदेशक प्रो. अभय कुमार सिंह सहित अनेक शिक्षकों ने हवन पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि यह महाविद्यालय लगातार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। इंटर, स्नातक से लेकर बीएड की शिक्षा प्रत्येक वर्ष ले रहा है। इन छात्र- छात्राओं में कितने बच्चों ने ऊंचे- ऊंचे पायदान पर पहुंचकर महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि मेरी यह सपना था कि इस क्षेत्र में बीएड की पढ़ाई के लिए महाविद्यालय की स्थापना हो जिससे इस क्षेत्र के बच्चों को बीएड की डिग्री मिल सके जो आज साकार होती नजर आ रही है। निदेशक ने कहा कि महाविद्यालय हमेशा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि जब भी वे महाविद्यालय में शिक्षा लेने आएं तो पूरे मन को एकाग्रीता के साथ पढ़ाई में ध्यान दें। इस दौरान छात्राओं ने स्वागत गाना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका, कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

# दरौली में सरयू नदी खतरे के निशान को किया पार, सिसवन में खतरे निशान के करीब पहुंचा जल स्तर

**सिवान ।** जिले के दक्षिणांचल से होकर गुजरने वाली सरयू नदी अब अपना रौद्र रूप दिखाने लगी है। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। नदी के जल स्तर में वृद्धि के साथ कटाव तेज हो गया है। सरयू नदी का जल स्तर दरौली में खतरे के निशान को पार कर गया है जबकि सिसवन में जल स्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। बाढ़ विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर सरयू नदी का जलस्तर दरौली में 60.90 मीटर दर्ज किया गया, जबकि यहां खतरे का निशान 60.82 मीटर निर्धारित किया गया है अर्थात दरौली में सरयू नदी खतरे के निशान से 0.8 मीटर ऊपर रहा, वहीं सिसवन में नदी का जलस्तर 57.02 मीटर दर्ज किया गया जबकि यहां खतरे का निशान 57.04 मीटर निर्धारित किया गया है। यहां सरयू नदी का जल स्तर खतरे के निशान से मात्र .02 मीटर नीचे है। वहीं रघुनाथपुर में सरयू नदी का पानी गोगरा तटबंध के समीप पहुंच गया है। जानकारी गुठनी प्रखंड से गुजरने वाली सरयू नदी के साथ छोटी गंडक नदी में भी उफान है। यहां नदी का जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया है।हालत यह है कि छोटी गडकी नदी का जल स्तर सोहागरा, सोनहुला, पुरैना, धर्मपुर, श्रीकलपुर, गुठनी, योगियाडीह, हनुमानगंज और तीर बलुआ गांव में बांध के पास पहुंच गया है। वहीं बाढ़ विभाग द्वारा सोहागरा से गुठनी तक गोगरा तटबंध पर बांध की निगरानी के लिए मजदूरों को लगाया गया हैं। वहीं जगह- जगह पर हजारों बालू बोरी भरकर रखी गई है। जहां-जहां कटाव की स्थिति बनती है वहां पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा सरयू नदी के किनारे बसे ग्यासपुर, पांडेयपार, मैरीटार समेत दरौली थाना क्षेत्र के डुमरहार, अमरपुर, केवटलिया, दुब्बा, नरौली समेत आंदर, रघुनाथपुर, सिसवन के सैकड़ो गांवों में नदी का पानी घुसने लगा है। ग्यासपुर से दरौली तक कटाव तेजी से हो रहा है। बाढ़ विभाग के एसडीओ अमजद अली ने बताया कि विभाग के कर्मचारी और पदाधिकारी सभी लोग तैनात हैं। जब जहां जैसी स्थिति होगी वहां हमलोग तुरंत कार्रवाई करेंगे। वहीं रघुनाथपुर प्रखंड के गभीरार गांव स्थित गोगरा तटबंध के पास सरयू नदी का पानी पहुंच गया है। यहां नदी का पानी पहुंचने से 40- 50 घर के लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यही नहीं गभीरार गांव के सैकड़ों किसानों के जमीन दियरा इलाके पर पड़ता हैं जिसमें भदई खेती की समस्याओं की सामना करना पड़ रहा हैं।

# चाकूबाजी मामलें में युवती ने चार पर कराई प्राथमिकी दर्ज

**आंदर (सिवान)** असांव थाना क्षेत्र के असांव गांव के उत्तरवार टोला में युवती के साथ हुई चाकूबाजी मामले में घायल युवती दुर्गावती देवी ने बुधवार की रात असांव थाना में आवेदन देकर आंदर थाना के बरवा गांव निवासी सचिन कुमार यादव एवं सहसराव गांव निवासी विशाल कुमार यादव व दो अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी कराई है। दिए गए आवेदन में पीड़िता ने बताया कि चार अगस्त को मैं अपनी भाभी के साथ टहल रही थी। इसी दौरान उक्त चारों आरोपित ने मेरा मोबाइल छीनने का प्रयास किया विरोध करने पर मेरे साथ छेड़खानी करने का प्रयास किया विरोध की तो उक्त लोगों द्वारा चार से पांच जगह पर चाकू से वार कर मुझे घायल कर दिया गया। हंगामा करने के बाद ग्रामीण एकत्रित हो गए और मुझे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि प्राथमिक कर ली गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई है।

# राजेन्द्र कॉलेज परीक्षा केंद्र शांतिपूर्ण प्रारम्भ हुई बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय द्वारा संचालित हो रहे हैं बीएड द्वितीय वर्ष की परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हुई। जेपीविवि परिसर स्थित परीक्षा भवन एवं राजेन्द्र कॉलेज परीक्षा केंद्र पर छपरा, सिवान एवं गोपालगंज जिले के विभिन्न बीएड कॉलेज के परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। राजेन्द्र कॉलेज परीक्षा केंद्र पर विभिन्न विषयों के कुल 673 परीक्षार्थियों की परीक्षा संचालित हुई। परीक्षा के दौरान केंद्राधीक्षक सह महाविद्यालय प्राचार्य डॉ उदय शंकर पांडेय एवं संयुक्त केंद्राधीक्षक डॉ प्रशांत कुमार सिंह परीक्षा को कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु परीक्षा का गहन निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि प्रथम दिन हिंदी, इंग्लिश, उर्दू, हिस्ट्री, मैथ, बायोलॉजिकल साइंस, फिजिकल साइंस, कंप्यूटर साइंस, होमसाइंस, सिविक्स, जॉग्राफी, संस्कृत, इकोनॉमिक्स आदि विषयों की परीक्षा संचालित हुई। संयुक्त केंद्राधीक्षक डॉ प्रशांत कुमार सिंह द्वारा परीक्षा केंद्र पर सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। वही पूर्व में जारी परीक्षा प्रोग्राम को संशोधित कर आगामी 10 अगस्त की परीक्षा को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा 13 अगस्त को संचालित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

# शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

**सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुरुवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर से शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मौके से एक शराब तस्कर फरार होने में सफल रहा। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी से मैरवा होते हुए एक स्कार्पियों से शराब आ रही है। सूचना पर अवर निरीक्षक अमित कुमार ने लक्ष्मीपुर में जांच शुरू की। जांच के दौरान एक स्कार्पियों आती दिखी। जिसे रोकने का प्रयास किया गया लेकिन चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। जिसे पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। जांच के दौरान 362.880 लीटर देसी शराब बरामद की गई। वहीं एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार दरौली थाना क्षेत्र के परमानंदपुर निवासी रविशंकर पांडेय है। जबकि दूसरा फरार तस्कर मैरवा सुमेरपुर निवासी नीरज कुमार सिंह है। इसके बाद स्कार्पियों को जब्त कर लिया गया। बताया कि तस्कर से पूछताछ कर उसे जेल भेज दिया गया। जबकि फरार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बीस सूत्री समिति की बैठक में जन समस्याओं पर हुई गंभीर चर्चा

**हसनपुरा(सिवान)** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीस सूत्री कार्यक्रम की दूसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक अध्यक्ष उमेश साह व उपाध्यक्ष प्रभुनाथ साह की संयुक अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व की बैठक में उठाए गए मुद्दों की समीक्षा के साथ-साथ जनहित से जुड़े कई अहम मामलों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में बीडीओ, सीओ, एमओ, सीडीपीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बीस सूत्री समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सबसे पहले सदस्य सह भाजपा के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष दुर्गालाल सोनी ने गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी मांगी। साथ ही उन्होंने दाखिल-खारिज में अवैध राशि मांगने का मुद्दा उठाया। इस पर अंचलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि यदि कोई कर्मचारी राशि की मांग करता है, तो वे सीधे उनसे संपर्क करें और संबंधित कार्य बिना किसी शुल्क के कराया जाएगा। वहीं राशन कार्ड में नाम जोड़ने के नाम पर राशि की मांग का मामला भी सामने आया। एमओ ने बताया कि प्रति व्यक्ति पांच किलो राशन निर्धारित है। इस पर समिति ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि अगली बार राशन वितरण के दिन एमओ और समिति के सदस्य मौके पर उपस्थित रहकर वितरण प्रक्रिया की निगरानी करेंगे तथा लाभुकों से सीधे बातचीत कर स्थिति की जांच करेंगे। सदस्य राजकुमार महतो ने हरपुर कोटवा पंचायत के वार्ड संख्या 11 एवं 12 में नल जल योजना सिर्फ कागजों पर चलने की बात कही, जबकि सदस्य विकास कुमार पासवान ने रजनपुरा पंचायत के वार्ड संख्या तीन में एक बार भी नल जल नहीं चलने की शिकायत की। वहीं सदस्य रामांति देवी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की मांग की। इस पर संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि इन मामलों को गंभीरता से लिया जाएगा और आवश्यक जांच व कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जन समस्याओं को प्राथमिकता देने, योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की निगरानी करने और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस मौके पर बीडीओ आनंद प्रकाश सिंह, सीडीपीओ उषा सिंह, पीओ अरविंद कुमार दास, पीएचडी जेई कृति कुमार सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

